an>

Title: Need to provide facilities to the people coming to attend the Kumbh and Ardh Kumbh at Prayag.

श्री केशव प्रसाद मौर्य (फूलपुर): उपाध्यक्ष महोदय, विश्व प्रसिद्ध प्रयाग का माघ मेला, जहां छः वर्ष में अर्ध-कुम्भ और बारह वर्ष में कुम्भ का मेला होता है और प्रत्येक वर्ष माघ मेला लगता है, जहां लगभग 50 लाख की संख्या में देश-विदेश से कल्पवासी और पूज्य संतगण आकर रात्रि में वहां रुककर अपना अनुष्ठान करते हैं। यह मेला मकर संक्रांति से महाशिवरात्रि तक चलता है। माननीय उपाध्यक्ष महोदय, वर्ष 1990 में जो व्यवस्थाएं वहां आने वाले तीर्थयात्रियों/कल्पवासियों के लिए एवं धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के लिए दी जाती थीं, वे व्यवस्थाएं आज भी उसी प्रकार से चल रही हैं। वर्ष 2015 तक देश की आबादी बढ़ गयी, संस्थाएं बढ़ गयी, मेले में आने वाले तीर्थ यात्रियों की संख्या बढ़ गयी। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से यह मांग करता हूं कि प्रदेश सरकार से सुविधाओं में वृद्धि कराने तथा प्रयाग के माघ मेला के लिए, वहां आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए, धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं के लिए प्रतिवर्ष माघ मेले के लिए 500 करोड़ रुपये, अर्ध-कुम्भ एवं कुम्भ मेलों की तरह आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं। धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER : Shri Bhairon Prasad Mishra, Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Keshav Prasad Maurya.